Adda247 GET IT ON Google Play

580903

**Subject Code:** 0128/TFU-HIN/ELG-II

Question Booklet No.

परीक्षा केन्द्राध्यक्ष की मोहर
Seal of Superintendent of Examination Centre

CoGo SET-2018
Paper -II
Hindi

परीक्षार्थी द्वारा बॉल-प्वाइण्ट पेन से भरा जाए
To be filled in by Candidate by Ball-Point pen only

अनुक्रमांक
Roll No.

उत्तर-शीट का क्रमांक
Sl. No. of Answer-Sheet

**घोषणा : मैंने नीचे दिये गये निर्देश अच्छी तरह पढ़कर समझ लिए हैं।**
**Declaration : I have read and understood the instructions given below.**

वीक्षक के हस्ताक्षर
(Signature of Invigilator)..........................................

वीक्षक के नाम
(Name of Invigilator) ..........................................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
(Signature of Candidate)..........................................

अभ्यर्थी का नाम
(Name of Candidate) ..........................................

**Paper : II** **Subject : HINDI** **Time : 2 Hours** **Maximum Marks : 200**

**इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in this Question Booklet** } **20**

**इस प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in this Question Booklet** } **100**

## INSTRUCTION TO CANDIDATES

1. Immediately after getting the Booklet read instructions carefully, mentioned on the front and back page of the Question Booklet and do not open the seal given on the right hand side, unless asked by the invigilator. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet. As soon as you are instructed to open the booklet in the first 5 minutes you should compulsorily tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately within 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
2. Write your Roll No., Answer-Sheet No., in the specified places given above and put your signature.
3. Make all entries in the OMR Answer-Sheet as per the given instructions, otherwise Answer-Sheet will not be evaluated.
4. For each question in the Question Booklet choose only one correct/most appropriate answer, out of four options given and darken the circle provided against that option in the OMR Answer-Sheet, bearing the same serial number of the question. Darken the circle with **Black or Blue ball-point pen** only.
5. Darken the circle of chosen option fully, otherwise answers will not be evaluated.

   **Example :** (A) ● (C) (D) **If (B) is correct answer.**
6. There are **100** objective type questions in this Booklet. All questions are compulsory and carry **2** marks each.
7. Do not write anything anywhere in the Question Booklet or on the Answer-Sheet except making entries in the specified places. Rough work is to be done in the space provided in this booklet.
8. When the examination is over, original OMR Answer Sheet is to be handed over to the invigilator before leaving the examination hall, while the Question Booklet and carbon copy of the Answer-Sheet can be retained by the candidate.
9. There is no negative marks for incorrect answer.
10. Use of any calculator/log table/mobile phone is prohibited.

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका मिलते ही मुख पृष्ठ एवं अंतिम पृष्ठ में दिए गए निर्देशों को अच्छी तरह पढ़ लें। दाहिनी ओर लगी सील को वीक्षक के कहने से पूर्व न खोलें। स्टीकर सील के बगैर प्रश्न पुस्तिका या खुले हुये प्रश्न पुस्तिका को स्वीकार न करें। प्रश्न पुस्तिका को खोलने के लिए जैसा ही कहा जायेगा प्रथम 5 मिनिट में अनिवार्यतः मुख पृष्ठ पर अंकित पृष्ठों की संख्या एवं प्रश्नों की संख्या को पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या एवं प्रश्नों की संख्या से मिलान कर लेवें। पृष्ठों/प्रश्नों का छूटना या पुनः मुद्रित हो जाना या क्रम में नहीं रहना या अन्य किसी विरोधाभास के कारण प्राप्त त्रुटिपूर्ण प्रश्न पुस्तिका को इन्हीं 5 मिनिट के अंदर बदलवा लेवें। इसके पश्चात न ही प्रश्न पुस्तिका बदला जा सकता है और न ही कोई अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
2. ऊपर दिए हुए निर्धारित स्थानों में अपना अनुक्रमांक, उत्तर-पुस्तिका का क्रमांक लिखें तथा अपने हस्ताक्षर करें।
3. ओ.एम.आर. उत्तर-शीट में समस्त प्रविष्टियां दिये गये निर्देशानुसार करें अन्यथा उत्तर-शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
4. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्न के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही/सबसे उपयुक्त केवल एक ही विकल्प का चयन कर ओ.एम.आर. उत्तर-शीट में उसी विकल्प वाले गोले को, जो उस प्रश्न के सरल क्रमांक से सम्बंधित हो, **काले या नीले बॉल-प्वाइण्ट पेन** से भरें।
5. सही उत्तर वाले गोले को अच्छी तरह से भरें, अन्यथा उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा।

   **उदाहरण :** (A) ● (C) (D) **यदि (B) उत्तर सही है।**
6. प्रश्न-पुस्तिका में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।
7. प्रश्न-पुस्तिका तथा उत्तर-शीट में निर्दिष्ट स्थानों पर प्रविष्टियां भरने के अतिरिक्त कहीं भी कुछ न लिखें। रफ कार्य, इस पुस्तिका में उपलब्ध स्थान पर करें।
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त तथा कक्ष छोड़ने के पूर्व मूल ओ.एम.आर. उत्तर-शीट वीक्षक को सौंपा जाए। प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर-शीट की कार्बन कॉपी परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकते हैं।
9. ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।
10. किसी भी तरह के कैलकुलेटर/लॉग टेबल/मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है।

Test
Prime
By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+**
Mock Tests

**25,000+**
Previous Year Papers

**800+**
Exam Covered

**500% Refund**
on Selection

**5 lakh+**
Free Quizzes

**Daily**
Free PDFs

**Job Alerts**
Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**
Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime
Rating
Editors' choice
New
Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

Adda247
GET IT ON Google Play

# हिन्दी - II

1. भारत की प्राचीन भाषा है :
   (A) प्राकृत
   (B) अपभ्रंश
   (C) संस्कृत
   (D) वैदिक संस्कृत

2. हिंदी का संबंध किस भाषा परिवार से है ?
   (A) द्रविड़
   (B) यूरोपीय
   (C) भारोपीय
   (D) काकेशिय

3. 'हिंदी' शब्द किस भाषा का है ?
   (A) संस्कृत
   (B) फ़ारसी
   (C) अरबी
   (D) उर्दू

4. ब्रज भाषा का विकास किस से हुआ है ?
   (A) अर्धमागधी
   (B) मागधी
   (C) ख़स
   (D) शौरसैनी

5. 'खड़ीबोली' का संबंध है :
   (A) पश्चिमी हिंदी
   (B) पूर्वी हिंदी
   (C) बिहारी हिंदी
   (D) ख़स प्राकृत

6. उष्म वर्ण कौन-से हैं?
   (A) य, र, ल, व
   (B) त, थ, द, ध
   (C) श, ष, स, ह
   (D) क्ष, त्र, ज्ञ, ज

7. 'छत्तीसगढ़ी बोली' का संबंध है :
   (A) पश्चिमी हिंदी
   (B) पूर्वी हिंदी
   (C) बिहारी हिंदी
   (D) राजस्थानी हिंदी

8. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली पश्चिमी हिंदी की **नहीं** है ?
   (A) बुंदेली
   (B) कन्नोजी
   (C) ब्रज
   (D) बघेली

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

9. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द है जो पद **नहीं** है ?

(A) नाश

(B) अज्ञानी

(C) जवानी

(D) जंगली

10. डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ने गोरक्षनाथ की रचनाओं को प्रामाणिक माना है :

(A) 10

(B) 12

(C) 14

(D) 16

11. आचार्य रामचंद्र शुक्ल कृत 'हिंदी साहित्य का इतिहास' का प्रथम संस्करण कब प्रकाशित हुआ ?

(A) 1927

(B) 1931

(C) 1929

(D) 1933

12. 'पृथ्वीराज रासो' में कुल कितने 'समय' (अध्याय या सर्ग) हैं ?

(A) 66

(B) 62

(C) 65

(D) 69

13. **स्थापना (Assertion) (A) :**

कविता का लक्ष्य अनुभव की अभिव्यक्ति मात्र न होकर, उसका सार्थक संप्रेषण भी है ।

**तर्क (Reason) (R) :**

यदि अनुभव संप्रेषण के योग्य न हो, तो वह कभी भी सार्थक नहीं हो सकती ।

(A) **(A)** सही, **(R)** सही

(B) **(A)** गलत, **(R)** सही

(C) **(A)** सही, **(R)** गलत

(D) **(A)** गलत, **(R)** गलत

14. **स्थापना (Assertion) (A) :**

अपने संसार की बुनियादि चिंताओं को उजागर करने के लिए मिथकों का इस्तेमाल एक कवि के लिए सुविधा की स्थिति भी हो सकती है और भीतरी जरूरत भी, किंतु दूसरी स्थिति में मिथक ज्यादा प्रभावी होते हैं ।

**तर्क (Reason) (R) :**

जिनके लिए मिथक अभिव्यक्ति की सुविधाएँ जुटाने के साधन भर हैं वे कभी यथार्थ पर मिथक और कभी मिथक पर यथार्थ का आरोपण करते हैं, किंतु जिनके लिए मिथक अतीत और वर्तमान से जूझने के माध्यम हैं, उनकी रचना में वे नये आशयों के साथ एक बार फिर से नया जन्म पाते हैं ।

(A) **(A)** गलत, **(R)** गलत

(B) **(A)** सही, **(R)** सही

(C) **(A)** गलत, **(R)** सही

(D) **(A)** सही, **(R)** गलत

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

15. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | भक्तमाल | (i) | वृंद |
| (b) | बारहमासा | (ii) | नाभादास |
| (c) | प्रेमवाटिका | (iii) | सेनापति |
| (d) | फूलमंजरी | (iv) | रसखान |
| | | (v) | मतिराम |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |
| (B) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |
| (C) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

16. श्रीकांत वर्मा, रघुवीर सहाय, अज्ञेय, धूमिल – कवियों के इस क्रम में उनकी रचनाओं का **सही** क्रम है :

(A) कितनी नावों में कितनी बार, जलसा घर, आत्महत्या के विरुद्ध, सुदामा पांडे का प्रजातंत्र

(B) आत्महत्या के विरुद्ध, कितनी नावों में कितनी बार, सुदामा पांडे का प्रजातंत्र, जलसा घर

(C) सुदामा पांडे का प्रजातंत्र, जलसा घर, आत्महत्या के विरुद्ध, कितनी नावों में कितनी बार

(D) जलसा घर, आत्महत्या के विरुद्ध, कितनी नावों में कितनी बार, सुदामा पांडे का प्रजातंत्र

17. विनोद कुमार शुक्ल की काव्य रचनाओं का प्रकाशन काल के अनुसार **सही** क्रम है :

(A) वह आदमी चला गया नया गरम कोट पहनकर विचार की तरह, लगभग जयहिंद, सब कुछ होना बचा रहेगा

(B) लगभग जयहिंद, सब कुछ होना बचा रहेगा, वह आदमी चला गया नया गरम कोट पहनकर विचार की तरह

(C) लगभग जयहिंद, वह आदमी चला गया नया गरम कोट पहनकर विचार की तरह, सब कुछ होना बचा रहेगा

(D) इनमें से कोई नहीं

18. निम्नलिखित में छत्तीसगढ़ में, किन कवियों का जन्म हुआ है?

(A) एकांत श्रीवास्तव, विनोद कुमार शुक्ल

(B) राजेश जोशी, विनोद कुमार शुक्ल

(C) सुदीप बैनर्जी, विनोद कुमार शुक्ल

(D) केदारनाथ सिंह, अशोक बाजपेयी

19. निम्नलिखित रचनाओं में शमशेर बहादुर सिंह की रचनाएँ कौन सी हैं?

(a) बात बोलेगी

(b) लकड़बग्घा हँस रहा है

(c) चुका भी नहीं हूँ मैं

(d) इस यात्रा में

(e) सुकून की तलाश

(A) (c), (e), (b)

(B) (a), (c), (d)

(C) (a), (c), (e)

(D) (b), (d), (e)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247
GET IT ON Google Play

**20.** कमलेश्वर के निम्नलिखित उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार **सही** अनुक्रम है :

(A) डाक बंगला, समुद्र में खोया हुआ आदमी, तीसरा आदमी, आगामी अतीत

(B) तीसरा आदमी, समुद्र में खोया हुआ आदमी, डाक बंगला, आगामी अतीत

(C) आगामी अतीत, समुद्र में खोया हुआ आदमी, तीसरा आदमी, डाक बंगला

(D) डाक बंगला, तीसरा आदमी, समुद्र में खोया हुआ आदमी, आगामी अतीत

**21.** निम्नलिखित कहानियों को उनके रचनाकाल से सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | ऐ लड़की | (i) | 1915 |
| (b) | शतरंज के खिलाड़ी | (ii) | 1929 |
| (c) | उसने कहा था | (iii) | 1925 |
| (d) | आकाश दीप | (iv) | 1991 |
| | | (v) | 1990 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (v) |
| (D) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |

**22.** **स्थापना (Assertion)(A) :**

आधुनिक कवि कविता में फैन्टेसी का प्रयोग अलंकार के रूप में कर रहा है।

**तर्क (Reason)(R) :**

क्योंकि फैंटेसी के द्वारा कवि बड़े नाटकीय ढंग से अपने समाज के किसी बड़े यथार्थ को स्पष्ट कर सकता है।

**कूट :**

(A) **(A)** सही, **(R)** सही

(B) **(A)** गलत, **(R)** सही

(C) **(A)** सही, **(R)** गलत

(D) **(A)** गलत, **(R)** गलत

**23.** निम्नलिखित मनोवैज्ञानिक आलोचना कृतियों का प्रकाशन वर्ष के क्रमानुसार **सही** अनुक्रम है :

(A) साहित्य सर्जना, देखा परखा, साहित्य का मनोवैज्ञानिक अध्ययन, अज्ञेय की रचना में कामतत्व और उसकी परिणति

(B) अज्ञेय की रचना में कामतत्व और उसकी परिणति, देखा परखा, साहित्य सर्जना, साहित्य का मनोवैज्ञानिक अध्ययन

(C) साहित्य का मनोवैज्ञानिक अध्ययन, अज्ञेय की रचना में कामतत्व और उसकी परिणति, देखा परखा, साहित्य सर्जना

(D) देखा परखा, साहित्य का मनोवैज्ञानिक अध्ययन, साहित्य सर्जना, अज्ञेय की रचना में कामतत्व और उसकी परिणति

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

37. निम्नलिखित काव्यांश किस ध्वनि का उदाहरण है?
"सीता हरन तात जनि, कहेउ पिता सन जाइ।
जौ मैं राम तौ कुल सहित, कहिहि दसानन जाइ।।"
(A) अर्थांतरसंक्रमित वाच्यध्वनि
(B) अत्यन्ततिरस्कृत वाच्यध्वनि
(C) रसध्वनि
(D) अलंकार ध्वनि

38. तुलसीदास रचित 'विनय पत्रिका' में प्रयुक्त भाषा है :
(A) अवधि मिश्रित ब्रज
(B) ब्रज
(C) अवधि
(D) इनमें से कोई नहीं

39. जायसी की रचना है :
(A) आखिरी कलाम
(B) मधुमालती
(C) चांदायन
(D) हंसावली

40. **स्थापना** (Assertion) (A) :
सूर का साहित्य लोक साहित्य है, जन साहित्य है।
**तर्क** (Reason) (R) :
क्योंकि सूर ने कृष्ण के देवत्व को लौकिक रूप देने की कोशिश में उन प्रसंगों को विशेष उभारा है जो सामान्य जन से संबंधित हैं।
(A) **(A)** सही, **(R)** गलत
(B) **(A)** गलत, **(R)** गलत
(C) **(A)** सही, **(R)** सही
(D) **(A)** गलत, **(R)** सही

41. "गनिका किये कौन व्रत संयम शुक हित नाम पढ़ावै।
मनसा करि सुमिरो गज बपुरो ग्राह परम गति पावै।।"
– उपरोक्त पद में किस कार्य की महत्ता बताई गई है?
(A) मन से नाम स्मरण की महत्ता
(B) पूजा-पाठ की महत्ता
(C) संयम से व्रत करने की महत्ता
(D) उपरोक्त तीनों गलत हैं

42. **स्थापना** (Assertion) (A) :
कविता के लिए जैसी चित्रभाषा की आवश्यकता होती है वैसी चित्रमयता के आधान में बिम्बों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।
**तर्क** (Reason) (R) :
क्योंकि बिम्ब भावों को रूप देने वाला साधन है।
(A) **(A)** सही, **(R)** सही
(B) **(A)** गलत, **(R)** गलत
(C) **(A)** गलत, **(R)** सही
(D) **(A)** सही, **(R)** गलत

43. **स्थापना** (Assertion) (A) :
भाषा में एक ही समय में समाज के वातावरण के अनुसार शब्दों का अर्थ परिवर्तन होता रहता हैं।
**तर्क** (Reason) (R) :
क्योंकि सामाजिक वातावरण भाषा से निस्पृह रहता है।
(A) **(A)** सही, **(R)** गलत
(B) **(A)** सही, **(R)** सही
(C) **(A)** गलत, **(R)** सही
(D) **(A)** गलत, **(R)** गलत

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

**44.** निम्नलिखित कवि रीतिकाल की किस काव्य प्रवृत्ति से संबंधित है? काव्य-प्रवृत्ति के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | यारी साटल | (i) | नीति काव्य |
| (b) | लाल कवि | (ii) | राम काव्य |
| (c) | रसिक अली | (iii) | वीर काव्य |
| (d) | दीनदयाल गिरि | (iv) | संत काव्य |
| | | (v) | कृष्ण काव्य |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (v) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (v) | (iii) |

**45.** निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | कवित्त रत्नाकर | (i) | हठीजी |
| (b) | कवित्त | (ii) | नृपशंभु |
| (c) | बुधभूषण | (iii) | नेवाज |
| (d) | श्री राधासुधाशतक | (iv) | रसनिधि |
| | | (v) | सेनापति |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (v) |
| (C) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**46.** निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकाल के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | भारती भूषण | (i) | 1701 |
| (b) | तुलसी भूषण | (ii) | 1754 |
| (c) | वृजकौमुदी | (iii) | 1818 |
| (d) | वृजतरंगिणी | (iv) | 1833 |
| | | (v) | 1816 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (v) | (ii) | (iv) | (iii) |

**47.** **स्थापना (Assertion) (A) :**

साहित्य समाज का दर्पण होता है।

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि साहित्यकार सामाजिक चेतना से निस्पृह नहीं रह सकता।

(A) **(A)** सही, **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत, **(R)** सही

(C) **(A)** गलत, **(R)** गलत

(D) **(A)** सही, **(R)** सही

**48.** 'आँसू की बालिका' के कवि कौन हैं ?

(A) प्रसाद

(B) पंत

(C) निराला

(D) महादेवी वर्मा

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

49. 'मुकुटधर पाण्डेय' का 'छायावाद' शीर्षक लेख सर्वप्रथम किस पत्रिका में प्रकाशित हुआ ?
(A) सरस्वती
(B) श्री शारदा
(C) हितवाणी
(D) माधुरी

50. ''छायावाद विलायती अभिव्यंजनावाद का विलायती संस्करण है'' – किसका कथन है ?
(A) नंददुलारे वाजपेयी
(B) मुकुटधर पाण्डेय
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) रामविलास शर्मा

51. महादेवी वर्मा की काव्य कृतियों का कालक्रमानुसार **सही** अनुक्रम बताइए :
(A) सांध्यगीत, नीहार, रश्मि, नीरजा
(B) नीरजा, सांध्यगीत, नीहार, रश्मि
(C) रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, नीहार
(D) नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत

52. हजारीप्रसाद द्विवेदी के उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार **सही** अनुक्रम बताइए :
(A) चारुचन्द्रलेख, पुनर्नवा, अनामदास का पोथा, बाणभट्ट की आत्मकथा
(B) बाणभट्ट की आत्मकथा, चारुचन्द्रलेख, पुनर्नवा, अनामदास का पोथा
(C) पुनर्नवा, बाणभट्ट की आत्मकथा, चारुचन्द्रलेख, अनामदास का पोथा
(D) चारुचन्द्रलेख, पुनर्नवा, बाणभट्ट की आत्मकथा, अनामदास का पोथा

53. 'कितनी नावों में कितनी बार' किस विधा की रचना है ?
(A) संस्मरण
(B) यात्रावर्णन
(C) कविता
(D) कहानी

54. 'तार सप्तक' – प्रथम के कवि हैं :
(a) गजानन माधव मुक्तिबोध, नेमिचन्द्र जैन
(b) भारतभूषण अग्रवाल, प्रभाकर माचवे
(c) गिरिजाकुमार माथुर, रामविलास शर्मा
(d) अज्ञेय, शमशेरबहादुर सिंह
**सही** विकल्प बताइए :
(A) (a), (b) और (d)
(B) (a), (b) और (c)
(C) (b), (c) और (d)
(D) (a), (b), (c) और (d)

55. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा रचित मौलिक नाटक हैं :
(a) चंद्रावली, नीलदेवी
(b) विषस्य विषमौषधम्, प्रेमयोगिनी
(c) कर्पूरमंजरी, मुद्राराक्षस
(d) विद्यासुंदर, धनंजयविजय
**सही** विकल्प बताइए :
(A) (a), (b) और (c)
(B) (b), (c) और (d)
(C) (a) और (b)
(D) (a), (c) और (d)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

56. अमरकांत की निम्नांकित रचनाओं का प्रकाशन वर्ष के अनुसार **सही** अनुक्रम है :
(A) कुहासा, जिंदगी और जोंक, देश के लोग, मौत का नगर
(B) जिंदगी और जोंक, देश के लोग, मौत का नगर, कुहासा
(C) जिंदगी और जोंक, कुहासा, मौत का नगर, देश के लोग
(D) जिंदगी और जोंक, मौत का नगर, कुहासा, देश के लोग

57. उषा प्रियंवदा की निम्नांकित कहानी संग्रहों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार **सही** अनुक्रम है :
(A) एक कोई दूसरा, कितना बड़ा झूठ, जिंदगी और गुलाब के फूल
(B) कितना बड़ा झूठ, जिंदगी और गुलाब के फूल, एक कोई दूसरा
(C) एक कोई दूसरा, जिंदगी और गुलाब के फूल, कितना बड़ा झूठ,
(D) जिंदगी और गुलाब के फूल, एक कोई दूसरा, कितना बड़ा झूठ

58. ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त रचनाकारों का पुरस्कारप्राप्ति वर्षानुसार **सही** अनुक्रम है :
(A) कुँवरनारायण, अमरकांत, केदारनाथ सिंह, निर्मल वर्मा
(B) केदारनाथ सिंह, अमरकांत, कुँवरनारायण, निर्मल वर्मा
(C) अमरकांत, निर्मल वर्मा, केदारनाथ सिंह, कुँवरनारायण
(D) निर्मल वर्मा, कुँवरनारायण, अमरकांत, केदारनाथ सिंह

59. 'अंगूर की बेटी' किस विधा की रचना है?
(A) उपन्यास
(B) नाटक
(C) कविता
(D) कहानी

60. 'गांधीवाद की शव-परीक्षा' निबंधसंग्रह के रचयिता कौन है?
(A) बेढ़ब बनारसी
(B) प्रभाकर माचवे
(C) यशपाल
(D) रामविलास शर्मा

61. 'खुदा सही सलामत है' उपन्यास के रचयिता कौन है?
(A) काशीनाथ सिंह
(B) रवींद्र कालिया
(C) मनोहरश्याम जोशी
(D) ममता कालिया

62. 'कुरू कुरू-स्वाह' किसकी रचना है?
(A) मनोहरश्याम जोशी
(B) पंकज बीष्ट
(C) गिरिराज किशोर
(D) मैत्रेयी पुष्पा

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247
GET IT ON Google Play

63. निम्नलिखित में से कौन-सी कृति महाभारत के संदर्भों पर आधारित है?
(A) अंधायुग
(B) संशय की एक रात
(C) महाप्रस्थान
(D) मुक्तिपर्व

64. 'साहित्य-देवता' निबंधसंग्रह के रचयिता है :
(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) गुलाबराय
(D) महावीरप्रसाद द्विवेदी

65. रेखाचित्र-लेखन के क्षेत्र में किसका नाम सर्वाधिक प्रसिद्ध है?
(A) महादेवी वर्मा
(B) रामवृक्ष बेनीपुरी
(C) पद्मसिंह
(D) रामदरश मिश्र

66. **स्थापना (Assertion) (A) :**
रचना के संदर्भवान वातावरण से परिचित होने के लिए आलोचक को बहुज्ञ होना पड़ता है।
**तर्क (Reason) (R) :**
क्योंकि साहित्य की भावात्मक अभिव्यक्ति व्यापकतर पृष्ठभूमि में ही होती है।
(A) **(A)** सही, **(R)** गलत।
(B) **(A)** गलत, **(R)** सही।
(C) **(A)** सही, **(R)** सही।
(D) **(A)** गलत, **(R)** गलत।

67. 'रस गंगाधर' ग्रंथ के लेखक हैं :
(A) विश्वनाथ
(B) पंडितराज जगन्नाथ
(C) रुच्चक
(D) राजशेखर

68. आचार्य भरत के अनुसार रसों की कुल संख्या कितनी है?
(A) आठ
(B) नौ
(C) सात
(D) ग्यारह

69. निम्नलिखित आचार्यों में से किस आचार्य की कोई भी पुस्तक उपलब्ध **नहीं** है?
(A) भट्टनायक
(B) उद्भट
(C) अभिनव गुप्त
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. अमरीकी नई समीक्षा की मूल प्रेरणा किसकी आलोचना पद्धति में है?
(A) क्रोचे
(B) रिचर्ड्स
(C) तोंजाइनस
(D) अरस्तू

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

71. नयी समीक्षा का जन्म कहाँ पर हुआ?

(A) अमेरीका

(B) फ्रांस

(C) यूनान

(D) इंग्लैण्ड

72. नयी समीक्षा के उन्नायक हैं :

(A) जौन क्रो रैन्सम

(B) क्रोचे

(C) अरस्तू

(D) विलियम जौन्स

73. कवि दैवी प्रेरणा से आवेश में काव्य की सर्जना करता है। – ऐसा किसने कहा था?

(A) अरस्तू

(B) प्लेटो

(C) लोंजाइनस

(D) इलीयट

74. अरस्तू का 'काव्यशास्त्रीय ग्रंथ' किस भाषा में लिखित है?

(A) यूनानी

(B) जर्मन

(C) ग्रीक

(D) अंग्रेज़ी

75. लोंजाइनस के अनुसार उदात्त विचार किसको प्रतिध्वनित करते हैं?

(A) कथावस्तु को

(B) आत्मा की महानता को

(C) शैली को

(D) व्याकरण को

76. 'हिमाद्रि तुंग शुंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती, स्वयं प्रभा समुज्ज्वला स्वतंत्रता पुकारती।' पंक्तियाँ प्रसाद की किस रचना से है?

(A) स्कन्द गुप्त

(B) चन्द्रगुप्त

(C) अजातशत्रु

(D) ध्रुवस्वामिनी

77. प्रेमचंद के उपन्यास और उनके पात्र हैं :

(a) गोदान – होरी

(b) सेवासदन – सुमन

(c) रंगभूमि – गोबर

(d) ग़बन – जालपा

**सही** विकल्प बताइए :

(A) (a), (b) और (d)

(B) (b), (c) और (d)

(C) (a), (b) और (c)

(D) (a) और (c)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

78. सूरदास के संबंध में कहा जाता है :

(a) ये वात्सल्य और शृंगार के कवि हैं।

(b) ये उपालम्भ शृंगार के कवि हैं।

(c) इनकी भक्ति दास्य भावना की है।

(d) इनकी भक्ति सखा भावना की है।

**सही** विकल्प बताइए :

(A) (a), (c) और (d)

(B) (a), (b) और (d)

(C) (b), (c) और (d)

(D) (a), (b) और (c)

79. ''मनु बैठे ध्यान निरत थे
उस निर्मल मानस तट में;
सुमनों की अंजलि भर कर
श्रद्धा थी खड़ी निकट में।''

उपर्युक्त काव्य पंक्तियाँ 'कामायनी' के किस सर्ग से उद्धरित हैं?

(A) श्रद्धा

(B) इड़ा

(C) काम

(D) आनन्द

80. फणीश्वरनाथ रेणु द्वारा रचित उपन्यास **नहीं** है :

(A) दीर्घतपा

(B) जुलूस

(C) दुखमोचन

(D) कितने चौराहे

81. 'देहाती दुनिया' उपन्यास के लेखक हैं :

(A) शिवपूजन सहाय

(B) नागार्जुन

(C) विवेकीराय

(D) रामदरस मिश्र

82. राही मासूम रज़ा कृत 'आधा गाँव' उपन्यास में चित्रित गाँव है :

(A) गंगौली

(B) शिवपॉल गंज

(C) मेरी गंज

(D) बेलारी

83. **स्थापना (Assertion) (A) :**

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने भक्ति को धर्म का रसात्मक रूप कहा है।

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि भक्ति में सभी रसों की अभिव्यक्ति होती है।

**सही** विकल्प बताइए :

(A) **(A)** सही, **(R)** गलत।

(B) **(A)** गलत, **(R)** सही।

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही।

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247
GET IT ON Google Play

84. **स्थापना (Assertion) (A) :**

धर्म का प्रवाह कर्म, ज्ञान और भक्ति, इन तीन धाराओं में चलता है।

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि धर्म केवल मानसिक संकल्पना है।

**सही** विकल्प बताइए :

(A) **(A)** गलत, **(R)** सही।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों गलत।

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही।

(D) **(A)** सही, **(R)** गलत।

**निर्देश :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़े और उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न **85** से **89** तक) के दिए गए बहुविकल्पों में से **सही** विकल्प का चयन करें :

"यूरोपीय उपन्यास के विकास में पूँजीवादी अर्थतंत्र और मध्यवर्ग का योगदान बहुत महत्त्वपूर्ण माना जाता है और अक्सर इस अवधारणा को हिन्दी उपन्यास के इतिहास पर भी चस्पाँ कर दिया जाता है। पर हिन्दी क्षेत्र की परिस्थितियों को देखते हुए हिन्दी उपन्यास के संबंध में इस सामान्यीकरण को संगत नहीं माना जा सकता। 1870 - 90 की अवधि में हिन्दी क्षेत्र में न तो पूँजीवादी अर्थतंत्र का कोई वर्चस्व था, न कोई मजबूत मध्यवर्ग पैदा हुआ था। इस समय भारत ब्रिटिश उपनिवेशवाद के चंगुल में तड़फड़ा रहा था और एक विदेशी पूँजीवादी उसका चौतरफा शोषण कर रहा था। इस विदेशी पूँजीवाद की भाषा अंगरेज़ी थी। इस व्यवस्था के पोषक और सहायक के रूप में अंगरेज़ी पढ़ा-लिखा मध्यवर्ग वजूद में आ रहा था, पर वह अधिकतर अहिन्दी भाषी, विशेष रूप से बंगला भाषी था। दरअसल हिन्दी उपन्यास हिन्दी भाषी जनता की राष्ट्रीय आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति था।"

85. यूरोपीय उपन्यास के विकास में पूँजीवादी अर्थतंत्र का बहुत महत्त्वपूर्ण योगदान है क्योंकि :

(A) पूँजीवादी अर्थतंत्र ने ही यूरोपीय उपन्यासों को जन्म दिया।

(B) पूँजीवादी अर्थतंत्र के कारण ही अंगरेज़ी उपन्यास प्रकाशित होने लगे।

(C) पूँजीवादी अर्थतंत्र के कारण मुद्रण का विकास हुआ, फलस्वरूप गद्य के विकास में भी तेजी आयी।

(D) पूँजीवादी अर्थतंत्र के कारण ही कामगारों के श्रम के घंटे कम हुए और यूरोपीय जनता को औपन्यासिक कथाएँ सुनने का पर्याप्त अवसर मिल सका।

86. लेखक ने विशेष रूप से बंगला भाषियों को किस व्यवस्था का पोषक कहा है?

(A) मध्यवर्गीय व्यवस्था का

(B) पूँजीवादी व्यवस्था का

(C) गुलाम मानसिक व्यवस्था का

(D) ब्रिटिश उपनिवेशवादी व्यवस्था का

87. लेखक के अनुसार 1870 - 90 की अवधि में हिन्दी क्षेत्र की मुख्य विशेषता क्या थी?

(A) पूँजीवाद का विकास तनिक भी नहीं हुआ था।

(B) सामन्ती मूल्यों का वर्चस्व था।

(C) शासक वर्ग भारतीय भाषाओं को ही शासन की भाषा बनाना चाहता था।

(D) हिन्दी को शासन की भाषा बनाने में सबसे अधिक विरोध हिन्दी के लेखकों की ओर से ही हुआ था।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

88. "हिन्दी उपन्यास हिन्दी भाषी जनता की राष्ट्रीय आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति था।" के माध्यम से लेखक क्या संकेत देना चाहता है?
(A) हिन्दी भाषी जनता की सोच हिन्दी क्षेत्र तक ही सीमित नहीं थी।
(B) हिन्दी उपन्यास का बंगला उपन्यास से कोई संबंध नहीं था।
(C) हिन्दी उपन्यास के विकास में अंगरेज़ी की कोई भूमिका नहीं थी।
(D) हिन्दी उपन्यास लेखन के विस्तार में हिन्दी भाषी जनता की जातीय अस्मिता की पहचान मुख्य प्रेरक थी।

89. 1870 - 90 की अवधि में हिन्दी क्षेत्र में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण घटना क्या हुई?
(A) फोर्ट विलियम कॉलेज की गतिविधियों का तेजी से विस्तार हुआ।
(B) ब्रिटिश उपनिवेशवाद के खिलाफ व्यापक और सफल जनजागरण अभियान चलाया गया।
(C) गद्य के विकास के नाते अनेक पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू हुआ।
(D) हिन्दी क्षेत्र में अनेक विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई जिनमें हिन्दी की पढ़ाई शुरू हुई और शोध कार्य आरंभ हुए।

90. 'कर्मभूमि' उपन्यास का प्रमुख पुरुष पात्र है :
(A) रमानाथ
(B) मेहता
(C) होरी
(D) अमरकांत

91. 'साहित्य, वस्तुत: मनुष्य का वह उच्छलित आनन्द है जो उसके अन्तर में अंटाए नहीं अट सका था।' कथन किसका है?
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(B) शान्तिप्रिय द्विवेदी
(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(D) रामविलास शर्मा

92. निम्नलिखित में कौन हजारीप्रसाद द्विवेदी का निबन्ध **नहीं** है?
(A) मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है
(B) साहित्य और समीक्षा
(C) मानव सत्य
(D) साहित्य का मर्म

93. उषा प्रियंवदा का उपन्यास **नहीं** है :
(A) रुकोगी नहीं राधिका
(B) शेष यात्रा
(C) भयो कबीर उदास
(D) खामोश होते सवाल

94. निम्नलिखित में कौन सा कथन सही **नहीं** है?
(A) मैत्रेयी पुष्पा ने 'बेतवा बहती रही' से अपनी पहचान बनाई।
(B) 'चाक' में ब्रज-क्षेत्र के जीवन-यथार्थ का चित्रण है।
(C) 'झूला नट' में बुन्देल खण्ड के एक परिवार की कथा है।
(D) 'अल्माकबूतरी' उच्चवर्गीय नायिका की कहानी है।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

95. 'रत्ती' किस उपन्यास की पात्र है?
(A) श्मशान चम्पा
(B) सूरजमुखी अंधेरे के
(C) दिलो दानिश
(D) शेष यात्रा

96. प्रकाशन-वर्ष के अनुसार शिवानी के उपन्यासों का **सही** वर्ग है :
(A) चौदह फेरे, विषकन्या, माणिक, विवर्त
(B) विवर्त, चौदह फेरे, माणिक, विषकन्या
(C) माणिक, विषकन्या, विवर्त, चौदह फेरे
(D) विवर्त, माणिक, विषकन्या, चौदह फेरे

97. प्रकाशन-वर्ष के आधार पर प्रेमचन्द के उपन्यासों का **सही** वर्ग है :
(A) रूठी रानी, कायाकल्प, प्रेमाश्रय, कर्मभूमि
(B) कायाकल्प, रूठी रानी, कर्मभूमि, प्रेमाश्रय
(C) रूठी रानी, प्रेमाश्रय, कायाकल्प, कर्मभूमि
(D) कर्मभूमि, कायाकल्प, रूठी रानी, प्रेमाश्रय

98. **स्थापना (A) :**
गोदान का धरातल पूर्णतः यथार्थवादी है।
**तर्क (R) :**
मालती का जीवन-यथार्थ मध्यवर्गीय प्रतीक है।
(A) **(A)** सही, **(R)** गलत
(B) **(A)** सही, **(R)** सही
(C) **(A)** गलत, **(R)** गलत
(D) **(A)** गलत, **(R)** सही

99. 'एक दलित डिप्टी कलेक्टर' नाटक के रचयिता कौन है?
(A) माताप्रसाद
(B) कर्मशील भारती
(C) रूपनारायण सोनकर
(D) डॉ. एन. सिंह

100. 'एकांकी' लेखन में सर्वाधिक उल्लेखनीय नाम किसका है?
(A) रामकुमार वर्मा
(B) भगवतीचरण वर्मा
(C) उपेंद्रनाथ अश्क
(D) रामवृक्ष बेनीपुरी

- o O o -

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह



Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!


PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.




Topic-wise & Exam-wise PDFs | Download & Study Offline | Attempt as Mock & Track Score | Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking, SSC, Railway, Teaching, UGC, Agriculture, Nursing

Bihar, UP, Punjab, WB, Odisha, TN, AP & Telangana, Haryana

DOWNLOAD THE APP

Adda247
GET IT ON Google Play

SEAL

उत्तर अंकित करने का समय : 2 घंटे
Time for marking answers : 2 Hours

अधिकतम अंक : 200
Maximum Marks : 200

**नोट :**

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न है - प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्नों के उत्तर, दी गई OMR उत्तर-शीट (आंसर-शीट) पर अंकित कीजिए।
3. ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।
4. किसी भी तरह के कैलकुलेटर या लॉग टेबल एवं मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है।
5. OMR उत्तर-शीट (आंसर-शीट) का प्रयोग करते समय ऐसी कोई असावधानी न करें/बरतें जिससे यह फट जाये या उसमें मोड़ या सिलवट आदि पड़ जाये जिसके फलस्वरूप वह खराब हो जाये।

Adda247

**Note :**

1. This Question Booklet contains 100 questions. Each question carries 2 marks. Answer all questions.
2. Indicate your answers on the OMR Answer-Sheet provided.
3. No negative marking will be done.
4. Use of any type of calculator or log table and mobile phone is prohibited.
5. While using OMR Answer-Sheet care should be taken so that the Answer-Sheet does not get torn or spoiled due to folds and wrinkles.